**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 15.11.2025**

**विषयः- नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर शादी के लिए भगा ले जाने वाले अभियुक्त को दशाश्वमेध पुलिस ने किया गिरफ्तार ।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध व अपराधियों तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध व थानाध्यक्ष दशाश्वमेध के नेतृत्व में थाना दशाश्वमेध पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना/सर्विलांस टीम की मदद से थाना दशाश्वमेध पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 209/2025, धारा- 137(2), 64(2) बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट थाना दशाश्वमेध वाराणसी से सम्बन्धित 01 नफर प्रकाश में आये अभियुक्त निशु पासवान उर्फ निशु वर्मा पुत्र भोला शंकर निवासी 127/68 बंबुरीया जूही थाना जूही कानपुर नगर उम्र 19 वर्ष को दिनांक 14.11.2025 समय करीब 21.25 बजे को बंबुरीया जूही थाना जूही कानपुर नगर अभियुक्त के निवास स्थान से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** निशु पासवान उर्फ निशु वर्मा पुत्र भोला शंकर निवासी 127/68 बंबुरीया जूही थाना जूही कानपुर नगर उम्र 19 वर्ष।

**पूछताछ विवरणः-** अभियुक्त निशु पासवान उर्फ निशु वर्मा पुत्र भोला शंकर निवासी 127/68 बंबुरीया जूही थाना जूही कानपुर नगर उम्र 19 वर्ष द्वारा बताया गया कि मैं लड़की के घर के बगल में ही रहता हूँ। हम दोनों एक दूसरे से पहले से ही बात करते थे। जब लड़की के घर वालों को यह पता चला कि हम दोनों एक दूसरे से बात करते है तो लड़की के घर वालों ने लड़की को उसकी नानी के घर वाराणसी भेज दिया । फिर हम दोनो इंस्ट्राग्राम से बात करने लगे । दिनांक 12.10.2025 को मेरे कहने पर लड़की कानपुर आ गयी। फिर हम दोनो ने दिनांक- 14.10.2025 को बारा देवी मंदिर में बिना किसी को बताये शादी कर लिए और हम दोनों पति पत्नी की तरह एक किराये के कमरे में रहने लगे। फिर मेरे पास पैसा न होने के कारण मैं कमाने के लिए बाहर चला गया तब लड़की अपने माँ बाप के घर चली गयी।

**अपराध विवरणः-** मु0अ0सं0- 209/2025, धारा- 137(2), 64(2) बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट थाना दशाश्वमेध वाराणसी।

**गिरफ्तारी का दिनांक समय व स्थान**- दिनांक 14.11.2025, समय- 21.25 स्थान- बंबुरीया जूही थाना जूही कानपुर नगर अभियुक्त का निवास स्थान

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 श्री उ0नि0 विजय कुमार चौधरी चौकी प्रभारी देवनाथपुरा थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी
2. कां0 राजन सिंह थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 अश्वनी सिंह सर्विलांस सेल वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी**